**Regarding Need to provide stoppage to trains at Ren Railway Station in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द राजस्थान के अतर्गत आने वाले रेण स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है परन्तु यहाँ ट्रेनों के कम स्टॉप हैं | यह स्थान मीरामाई की नगरी मेड़तासिटी और श्री संत चतुरदास जी का बुटाटी धाम के निकट है | जहाँ मीरामाई के स्थान के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में भक्त आते हैं वहीँ बुटाटी धाम में लकवा से ग्रसित मरीज भी इलाज के लिए बड़ी संख्या में आते हैं | परन्तु रेण स्टेशन में ट्रेनों का स्टापेज न होने के कारण आवागमन में भारी असुविधा होती होती है अत: आपके माध्यम से मेरी मांग है कि निम्नलिखित ट्रेनों का स्टाप रेण रेलवे स्टेशन पर किया जाये:-

1-JAT BDTS EX 19027/28

2-HSR BDTS SF 22915/16

3-RUNICHA EX 14087/88

4-BVS HW EX 19271/72

5-SALASER EX 22421/22